# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

## 07 मार्च 2023

----

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].

**कुल प्रश्न 22**

----

### सिजेरियन प्रसव की व्यवस्था

***136 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण, मोतिहारी जिले के सरकारी अस्पताल, चकिया को छोड़कर किसी भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सिजेरियन प्रसव नहीं होता है;

(ख) क्या यह सही है कि एक लाख 75 हजार प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सदर अस्पताल तक निबंधन होता है, लेकिन मात्र 70 से 75 हजार ही प्रसव सदर अस्पताल सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर हो पाते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर ग्रामीण जनता के हित में सिजेरियन प्रसव की व्यवस्था करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

### अनुग्रह राशि का भुगतान

***137 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत ग्राम- मंझौरा, पो.+थाना+प्रखंड- रीगा निवासी स्व. अमिताभ वत्स की मृत्यु कोविड की बीमारी के कारण दिनांक- 06.05.2021 को हो गयी;

(ख) क्या यह सही है कि स्व. वत्स की मृत्यु से संबंधित सभी प्रमाण पत्रों एवं कागजातों के साथ रीगा अंचल के वार्ड सं०- 4/21-22, पत्रांक- 776, दिनांक- 19.08.2021 के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सीतामढ़ी को भेजा गया, तदनुसार अनुमंडल पदाधिकारी, सीतामढ़ी ने अपने पत्रांक- 220, दिनांक- 25.02.2022 के द्वारा संबंधित संचिका जिला प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन, सीतामढ़ी को अनुग्रह अनुदान के भुगतान करने हेतु भेजी जा चुकी है;

(ग) क्या यह सही है कि सभी प्रक्रिया पूरी करने के बावजूद मृतक की आश्रित उनकी पत्नी अर्चना कुमारी को अबतक अनुग्रह राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व. वत्स की मृत्यु से संबंधित नियमानुसार उनकी आश्रित पत्नी श्रीमती अर्चना कुमारी को अनुग्रह राशि का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## गुड़ उद्योग नीति कबतक

*138 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक)**:

क्या मंत्री, **गन्ना उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गुड़ उत्पादन की संभावना को देखते हुए सरकार द्वारा गुड़ आधारित उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है;

(ख) क्या यह सही है कि गुड़ उद्योग की विकास नीति बनने से राज्य में बेहतर औद्योगिक माहौल बनेगा एवं स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक होगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुड़ उद्योग नीति बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## चिकित्सक एवं उपचारिका की पदस्थापना

*139 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद)**:

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला के रामपुर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र पर कोई चिकित्सक एवं उपचारिका की पदस्थापना नहीं की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र पर चिकित्सक नहीं रहने के कारण आम जनता को इलाज हेतु शहर/जिला मुख्यालय जाना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित स्वास्थ्य उपकेंद्र को सुगम एवं सुचारु रूप से चलाने हेतु चिकित्सक एवं उपचारिका की पदस्थापना कबतक करना चाहती है?

----

## शिशु गहन चिकित्सा इकाई शुरू करने का विचार कबतक

*140 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर)ः**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत आरा सदर अस्पताल में 20 बेड का शिशु गहन चिकित्सा इकाई (PICU) शुरू करने की योजना प्रस्तावित है;

(ख) क्या यह सही है कि अभी तक इसे प्रारंभ नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर जिला अंतर्गत आरा सदर अस्पताल में 20 बेड का शिशु गहन चिकित्सा इकाई (PICU) शीघ्र शुरू करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*141 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के इमामगंज प्रखण्ड के गुरीया पंचायत के गुरीया-पकरी गांव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण लगभग 17000 आबादी को 6-7 किलोमीटर की दूरी तय करके स्वास्थ्य सुविधा के लिए जाना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित पंचायत के गांव में शीघ्र उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जमीन का सर्वे एवं डिजिटाइजेशन कबतक

*142 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **अल्पसंख्यक कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार स्टेट वक्फ बोर्ड की जमीन का सर्वे का काम बहुत धीमी रफ्तार से हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि वक्फ बोर्ड की जमीन का डिजिटाइजेशन अभी तक नहीं कराया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो वक्फ बोर्ड की जमीन का सर्वे एवं डिजिटाइजेशन का काम सरकार कबतक कराना चाहती है?

----

## विद्युत तार-पोल की व्यवस्था

*143 **श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत फुलवारी प्रखण्ड के चिलबिल्ली, पंचायत, ग्राम- नत्थुपुर रोड, कुसुमपुर कॉलोनी नहर पार जो कंकड़बाग 2 डिविजन बिजली विभाग के अंतर्गत आता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कॉलोनी में बिजली तार एवं पोल की स्थिति जर्जर बनी हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसके उन्नयन का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पानी की व्यवस्था

*144 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जिला भोजपुर, प्रखंड- शाहपुर, पंचायत- खुटहा, गांव- कारनामेपुर, वार्ड- 8,9,10,11 में हर घर नल जल योजना के तहत दलित बस्ती में पानी का पाइपलाइन नहीं पहुंचा है;

(ख) क्या यह सही है कि दो वर्षों से नल जल योजना के तहत केवल पानी की टंकी लगाकर छोड़ दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हर घर नल योजना के तहत पानी का पाइप लाइन लगाकर दलित बस्ती में पानी पहुंचाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## हॉस्पिटल के लिए भवन

***145 श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले के तरियानी छपरा रेफरल हॉस्पिटल का भवन ध्वस्त हो गया है, भवन ध्वस्त हो जाने के कारण वहां कोई भी चिकित्सक एवं कर्मचारी नहीं जाते हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लोकहित में स्वास्थ्य सेवा को दुरुस्त करने के लिए उक्त रेफरल हॉस्पिटल के भवन को बनवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## दोषी पर कार्रवाई

***146 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विभागीय आदेश सं०- 140, दिनांक- 14.02.2022 एवं आदेश सं०- 536, दिनांक- 11.04.2022 के द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण कार्य प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता, हिलसा को विभिन्न प्रखण्डों में महादलित टोलों में चापाकल लगाने का आदेश दिया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि कनीय अभियंता, करायपरशुराय/ परवलपुर/थरथरी/ एकंगरसराय के द्वारा विभागीय आदेशों की अनदेखी कर कृत कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता का परिचय देते हुए चापाकल नहीं लगाया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्यालय द्वारा निर्धारित स्थानों पर चापाकल लगाने का आदेश देते हुए महादलित टोलों में चापाकल लगाने में विलम्ब के लिए दोषी पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अबतक गांवों का विद्युतीकरण नहीं

***147 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि इस राज्य के सभी गांवों और टोलों के साथ-साथ सभी घरों का विद्युतीकरण हो जाने के बावजूद मधुबनी जिला के मधेपुर प्रखण्डान्तर्गत मौजा-(01), गढ़गांव, (02) गोबरगढ़हा आधा गांव अर्थात दखिन टोला, (03) भवानीपुर, (04)

बक्सा, (05) बगेवा एवं (06) बसीपट्टी (नदी के पूरब का भाग) इत्यादि गांवों के किसी भी घर तक बिजली अब तक नहीं पहुंच पाने के कारण इन गांवों के लोग विद्युत के अभाव में अंधकार में रहने को विवश हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त वर्णित गांवों की ओर से दर्जनों बाद मधेपुर स्थित विद्युत कार्यालय तथा विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, झंझारपुर के स्तर पर आवेदन दे-देकर फरियादें की गई हैं, किन्तु अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त गांवों का अब तक विद्युतीकरण नहीं होने का क्या कारण है तथा क्या सरकार अब भी इन गांवों को विद्युतीकृत करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अनुमंडलीय अस्पताल

*148 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी अनुमंडल अनुमंडलीय अस्पताल की घेराबंदी नहीं की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल में घेराबंदी नहीं रहने के कारण बहुत सारे आवारा पशुओं का हॉस्पिटल के अंदर एवं कैंपस में आना-जाना लगा रहता है;

(ग) क्या यह सही है कि उपर्युक्त अस्पताल से लगभग 10 लाख की आबादी इसका लाभ समय-समय पर लेती रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब उपर्युक्त अनुमंडलीय अस्पताल की घेराबंदी करवाना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## प्रभारी चिकित्सा पदा० के विरुद्ध कार्रवाई

*149 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सिविल सर्जन, मधुबनी ने अपने पत्रांक- 212, दिनांक- 29.01.2020 के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० विजय मोहन केसरी, प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र, खुटौना, जिला- मधुबनी से पुलिस अधीक्षक, मधुबनी का ज्ञापांक- 441/ हि० शा०, दिनांक- 18.01.2020 के आलोक में कारण पृच्छा की थी;

(ख) क्या यह सही है कि सिविल सर्जन, मधुबनी ने अपने उक्त वर्णित पत्र में यह अंकित किया था कि डॉ० केसरी का आचरण सरकारी सेवक आचार नियमावली- 1976 के

विरुद्ध है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाना चाहती है कि सिविल सर्जन, मधुबनी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० विजय मोहन केसरी के विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## इलाज की सुविधा

*150 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला अंतर्गत गया शहर में जी.टी. रोड पर ANMCH ट्रामा सेन्टर भवन का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ट्रॉमा सेन्टर में न तो कोई चिकित्सक रहते हैं और न ही कोई आधुनिक यंत्र है जिससे मरीजों का इलाज किया जा सके ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सकों की नियुक्ति करने एवं आधुनिक यंत्र लगा कर मरीजों के समुचित इलाज की सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सिंचाई हेतु विद्युतीकरण

*151 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा कृषि को बढ़ावा देने के लिये सिंचाई सुविधा के निमित्त कृषकों के खेत तक विद्युतीकरण किये जाने की वृहत योजना है;

(ख) क्या यह सही है कि कटिहार जिला में अबतक लगभग 70 % खेतों तक विद्युतीकरण नहीं होने से कृषकों को सिंचाई में काफी असुविधा हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे खेतों तक एक अभियान चलाकर विद्युतीकरण कराये जाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अनुग्रह राशि उपलब्ध कबतक

*152 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के डुमरियां प्रखण्ड के नारायणपुर पंचायत, पो०- मैंगरा ग्राम चोनहा की निवासी नाजमी खानम के पति इरफान खान का निधन दिनांक- 25.04.2021 को कोविड महामारी के दौरान हो गया;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने कोविड महामारी से मृत्यु के फलस्वरूप अनुदान राशि देने का निर्णय लिया था;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार के निर्णय के आलोक में इरफान खान की आश्रित पत्नी श्रीमती नाजमी खानम ने अनुग्रह राशि हेतु अंचलाधिकारी, डुमरियां गया को आवेदन दिया था, किन्तु अभी तक अनुदान राशि का भुगतान नहीं हुआ है जबकि इनके पास कोविड से मृत्यु होने के सभी तरह के प्रमाण मौजूद है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इरफान खान की आश्रित पत्नी नाजमी खानम को शीघ्र अनुग्रह राशि उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## मेडिकल कॉलेज का निर्माण

*153 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि खगडि़या जिला में एन०एच० 31 पर मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु परबत्ता अंचल अंतर्गत मौजा सौढ़, थाना सं०- 347 में खसरा सं०- 32, 36, 37 एवं 190 में 35 एकड़ गैरमजरुआ जमीन एन० एच० 31 पर पसराहा थाना के आस-पास उपलब्ध है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जमीन पर मेडिकल कॉलेज निर्माण का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा गया है;

(ग) क्या यह सही है कि पूर्णिया, महेशखूंट से लेकर बेगूसराय तक लगभग 400 किलोमीटर के एन० एच० पर एक भी ट्रामा सेन्टर उपलब्ध नहीं है;

(घ) क्या यह सही है कि मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि जिला के चारों विधानसभा क्षेत्र के मध्य में अवस्थित है तथा आवागमन की सुविधा उपलब्ध है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खगडि़या में प्रस्तावित भूमि पर मेडिकल कॉलेज निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अस्पताल की चहारदीवारी

***154 श्री सच्च्दानिंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल, बनियापुर की चहारदीवारी नहीं है जिसके कारण पूरा परिसर मवेशियों की चारागाह बना हुआ है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के परिसर की चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कवर्ड तार कब तक

***155 श्री संतोष कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, रोहतास एवं कैमूर):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ अन्तर्गत भारती विहार, इण्डियन बैंक, एम्स शाखा रोड, निकुंज सहकारी कॉलोनी से पूरब के रास्ते में एक पुराना बिजली का पोल, जिसमें कोई तार नहीं है, अवांछित रूप से खड़ा है, फलतः आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित स्थल पर दो खम्भों के बीच रंगे तार (अनकवर्ड) से विद्युत प्रवाहित किया जा रहा है, जिसके चलते विद्युत संचार प्रायः बाधित होता रहता है ;

(ग) क्या यह सही है खंड 'क' एवं खंड 'ख' में वर्णित बाधाएं पोल संख्या 66-68 के बीच हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि वह अवांछित पोल हटाते हुए नंगे तार की जगह कवर्ड तार लगाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## आशुलेखन टेस्ट कबतक

***156 श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना द्वारा आशुलिपिक के 07 पद हेतु विज्ञापन संख्या -04/2021 निकाला गया था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विज्ञापन के आलोक में स्किल टेस्ट के पश्चात् 35 अभ्यर्थियों का परीक्षाफल पत्रांक- 278, दिनांक- 29.11.2021 द्वारा प्रकाशित किया गया;

(ग) क्या यह सही है कि आशुलेखन टेस्ट के लिए दिनांक- 05.12.2021 एवं 12.12.2021 को समय निकाला गया, जिसे बाद में स्थगित कर दिया गया, जो लगभग डेढ़ वर्षों से लम्बित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेधावी छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अविलम्ब आशुलेखन टेस्ट लेने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## यथाशीघ्र जांच

***157 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक)ः**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, पश्चिम चंपारण, बेतिया के पत्र सं०- डी.एच.एस.- 217, दिनांक- 02.02.2022 द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति पश्चिम चम्पारण, बेतिया के तत्कालीन लेखा प्रबंधक पर घोर वित्तीय अनियमितता के विरुद्ध एफ.आई.आर. (F.I.R.) दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया गया;

(ख) क्या यह सही है कि स्थानीय थाना और लेखा प्रबंधक की सांठ-गांठ से पुलिस प्रशासन उक्त मामले को रफा-दफा करने में लगी है;

(ग) क्या यह सही है कि विभागीय सेटिंग से उक्त लेखा प्रबंधक डी.पी.एम. कार्यालय, ब्लॉक कैम्पस, बेतिया से डी.पी.एम. कार्यालय, मुजफ्फरपुर अपना स्थानांतरण करा लिये हैं एवं सारा वित्तीय प्रभार भी स्वास्थ्य विभाग ने इन्हें दे दिया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तत्कालीन लेखा प्रबंधक, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के विरुद्ध पुनः F.I.R. दर्ज कर जिला स्वास्थ्य समिति डी.पी.एस., ब्लॉक कैम्पस, बेतिया में की गई घोर अनियमितता की गंभीरतापूर्वक यथाशीघ्र जांच कराकर अविलम्ब उन्हें निलम्बित करते हुए कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----